POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment
सही पोषण - देश रोशन

सत्यमेव जयते

नए समाज की ओर
Towards a new dawn

ICDS CAS

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु पुस्तिका




## पोषण अभियान

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

भारत सरकार

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

ICDS CAS

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के उपयोग हेतु पुस्तिका



# विषय-सूची

| | |
|---|---|
| **संक्षिप्तियां** | **6** |
| **परिचय** | **8** |
| फोन की मूल बातें | 10 |
| फोन की सूचनाएं | 11 |
| फोन के घटक | 12 |
| अपने मोबाइल फोन की देखभाल कैसे करना चाहिए ? | 13 |
| **कैसे चालू करें** | **14** |
| मॉड्यूल क्या है? | 16 |
| **परिवार प्रबंधन** | **18** |
| भाग 1) एक परिवार को जोड़ें | 18 |
| भाग 2) परिवार का सदस्य जोड़ें | 19 |
| **गृह भेंट नियोजन** | **20** |
| **दैनिक आहार** | **21** |
| **वृद्धि निगरानी** | **22** |
| **ड्यू लिस्ट** | **23** |
| **घर ले जाने का राशन** | **24** |
| **आंगनवाड़ी केन्द्र प्रबंधन** | **25** |
| **मासिक प्रगति रिपोर्ट सूची** | **27** |
| **सहायता मांगे** | **28** |

# संक्षिप्तियां

| | |
|---|---|
| **एडब्ल्यूडब्ल्यू** | आंगनवाड़ी कार्यकर्ता |
| **एडब्ल्यूसी** | आंगनवाड़ी केंद्र |
| **सीएस** | कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर |
| **आईसीटी-आरटीएम** | सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सक्षम वास्तविक समय निगरानी |
| **आईसीडीएस** | समेकित बाल विकास सेवा |
| **वीएचएसएनडी** | ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस |
| **एमपीआर** | मासिक प्रगति रिपोर्ट |
| **जीपीएस** | ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम |
| **टीएचआर** | टेक होम राशन (घर ले जाने का राशन) |
| **एएसआर** | वार्षिक स्थिति रिपोर्ट |

# परिचय

पोषण अभियान वर्ष 2022 तक कुपोषण मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहु–मंत्रालयी अभिसरण मिशन है। आंगनवाड़ी सेवाएं बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं की समग्र जरूरतों को पूरा करने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। योजना द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा बेहतर पर्यवेक्षण के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय आंगनवाड़ी सेवाओं की वास्तविक समय की निगरानी (आरटीएम) प्रणाली में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का लाभ लेना चाहती है। पोषण अभियान राज्यों के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में आईसीटी–आरटीएम मोबाइल समाधान प्रदान करेगा। यह मोबाइल समाधान आईसीडीएस–सीएएस नामक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर द्वारा संचालित है।

आईसीडीएस–सीएएस से हम निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे :

- मोबाइल फोन में कार्य से जुड़े जॉब एड और सहायक सामग्री (उदाहरण के लिए गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण परामर्श, आईवायसीएफ व्यवहार आदि) जोड़ कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की दक्षता और प्रभावशीलता में सुधार
- पोषण स्थिति के लिए व्यक्तिगत बाल आधारित ट्रैकिंग
- स्वचालित विकास चार्ट का सृजन
- आईसीडीएस रजिस्टरों का स्वचालन
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा हितग्राहियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की समयबद्धता और उनकी गुणवत्ता की निगरानी
- शीघ्र कार्रवाई और निर्णय लेने के लिए विभिन्न हितधारकों को वास्तविक सूचना और अलर्ट देने के साथ रिपोर्ट और डैशबोर्ड प्रदान करना

फोन में सीएएस एप्लीकेशन का उपयोग करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सहायता के लिए यह मैनुअल बनाया गया है।


# फोन की मूल बातें


- फोन बंद या चालू करने के लिए पॉवर बटन को लंबे समय तक दबा कर रखें।
- लंबा बटन आवाज़ पर नियंत्रण के लिए है। इसका ऊपरी हिस्सा दबाने पर आवाज़ बढ़ जाएगी तथा निचला हिस्सा दबाने पर आवाज़ कम हो जाएगी।
- होम स्क्रीन पर वापस जाने के लिए बीच का बटन दबाएं।
- पिछली स्क्रीन पर लौटने के लिए बैक बटन दबाएं।



# फोन की सूचनाएं

## 1 बैटरी चार्ज करने की ज़रूरत




## 2 बैटरी पूरी चार्ज है




## 3 बैटरी चार्ज हो रही है




चार्ज करते समय एडॉप्टर को ज़ोर से न लगाए, इसे कोमलता से लगाएं। अपने फोन को बार–बार चार्ज करते रहें ताकि यह आपकी गृह भेंट के दौरान चालू रहे।

## 4 सिग्नल की उपलब्धता जांचे




नेटवर्क जांचें : यहां खड़े पट्टियों, की संख्या जितनी अधिक होगी, टॉवर की शक्ति उतनी ही अधिक होगी।

नेटवर्क के पास छोटे संकेतक सिग्नल की गुणवत्ता की पहचान है :

2जी सिग्नल : ई

3जी सिग्नल : 3जी या एच

4जी सिग्नल : 4जी या वॉल्ट




फोन से दिखाई जा रही दिनांक और समय को जांच लें। सर्वर के साथ डेटा को सिंक करने के लिए इनका सही होना आवश्यक है।

# फोन के घटक



## सिम कार्ड

यह प्लास्टिक का छोटा टुकडा फोन नंबर संग्रहित करता है और फोन के नेटवर्क से कनेक्शन बना कर रखता है। यह चिप सर्वर को डेटा भेजती है।





## एसडी कार्ड

यह छोटी चिप मल्टीमीडिया फाइल संग्रहित करती है। यही वह जगह हैं जहां सीएएस फोटो) ऑडियो और चित्रों को सेव कर रखता है।



## बैटरी

फोन को चालू रखने के लिए, बैटरी चार्ज करना अनिवार्य है। यदि बैटरी कम होगी तो फोन बंद हो जाएगा। दोबारा 15–30 मिनट चार्ज करने के बाद फोन को फिर से ऑन करें।




फोन का यह घटक कभी भी फोन से हटाया नहीं जाना चाहिए।

# अपने मोबाइल फोन की देखभाल कैसे करना चाहिए ?

**क्या करें**


- उपयोग में न आने पर सेलफोन को सुरक्षित स्थान पर रखें।
- फोन को सूखा रखें। बारिश में इसका उपयोग करने से बचें। तालाब) कुएं जैसे स्थानों से मोबाइल फोन दूर रखें।
- एक नर्म कपड़ें द्वारा फोन को नियमित रूप से साफ करना चाहिए।
- फोन को नियमित रूप से चार्ज करते रहें।
- फोन के उपयोग के लिए उपयोगकर्ता मैनुअल निर्देश का पालन करें





**क्या न करें**

- सेलफोन जब तक बंद न हो इसे लम्बे समय तक पर्स या किसी बंद डिब्बे में न रखें।
- बंद जगह पर फोन को चार्ज करने से आग लगने और फोन का जीवनकाल छोटा होने का जोखिम हो सकता है।
- फोन के पास न खाएं और न कुछ पीयें।
- फोन को खुले में बिना निगरानी के न छोड़ें, यह चोरी हो सकता है। अपना फोन किसी को उधार न दें।






# कैसे चालू करें

## एप्लीकेशन में लॉग ऑन (प्रवेश) करें, सर्वर से सिंक करें और मॉड्यूल स्क्रीन पर सभी आठ मॉड्यूल देखें।





- आंगनवाड़ी का यूज़रनेम टाइप करें।
- पासवर्ड लिखें।
- यदि यूज़रनेम या पासवर्ड भूल गए हैं तो हेल्प डेस्क पर सम्पर्क करें।




- इस स्क्रीन से एप्लीकेशन में प्रवेश करें या बाहर निकलें
- सर्वर के साथ सिंक कर पूर्ण फॉर्म मंत्रालय को भेजें।

# मॉड्यूल क्या है?

**मॉड्यूल बहुत कुछ एक रजिस्टर की तरह हैं। एक रजिस्टर की तरह, प्रत्येक मॉड्यूल के अंदर एक विशिष्ट विषय के बारे में भरने के लिए, विभिन्न फॉर्म होते हैं। इस एप्लीकेशन में आठ मॉड्यूल हैं और प्रत्येक मॉड्यूल का अलग उद्देश्य है।**




### परिवार प्रबंधन

परिवार, महिला और बच्चों के बारे में सूचनाओं का रखरखाव करें

### दैनिक आहार


3 से 6 साल की आयु के बच्चों की दैनिक उपस्थिति दर्ज करें। आंगनवाड़ी में उनकी गतिविधियों और आहार पर नज़र रखें।

### गृह भेंट अनुसूचक

गर्भवती महिला, धात्री माताओं तथा 2 वर्ष की उम्र तक के बच्चों के लिए गृह भेंट की योजना बनाएं।

### बच्चे की वृद्धि की निगरानी

बच्चे का वज़न दर्ज करें। औसत से कम वज़न होने की स्थिति स्वतः बताएगा।




## घर ले जाने के लिए राशन

राशन के वितरण का रिकॉर्ड रखें

## ड्यू लिस्ट

प्रेरित करने के लिए हितग्राहियों की सूची तैयार करता है या आने वाले वीएचएसएनडी की सूचना देती है। वीएचएसएनडी के दौरान टीकाकरण की तिथि दर्ज करती है।

## आंगनवाड़ी केन्द्र प्रबंधन

- आंगनवाड़ी संसाधनों का विवरण, वीएचएसएनडी सर्वे और आगंतुक बुक का विवरण दर्ज करें
- वीडियो लाइब्रेरी देखें
- मासिक प्रगति रिपोर्ट (एमपीआर) देखें

## एमपीआर सूची

मासिक प्रगति रिपोर्ट (एमपीआर) देखें


# परिवार प्रबंधन

## भाग 1) एक परिवार को जोड़ें










**भाग 1 :** एक नया परिवार जोड़ने के पहले मौजूदा घरों की सूची को स्क्रॉल करें। धर्म, जाति, गरीबी का स्तर दर्ज करें और घर के जीपीएस को प्राप्त करें।

# भाग 2) परिवार का सदस्य जोड़ें











**भाग 2 :** प्रत्येग नए सदस्य, उनकी आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति और निःशक्तता की स्थिति को जोड़ने के लिए धन का चिह्न को दबाएं। यदि आधार कार्ड हो तो उसे स्कैन करें।


# गृह भेंट नियोजन

## गर्भवती महिला, धात्री माता और बच्चों के लिए गृह भेंट की योजना बनाएं


**1 प्रकरण चुनें**




**2 फॉर्म चुनें**




**3 फॉर्म भरें**




**आइकन का अर्थ :**

- (!) गृह भेंट में देर हो चुकी है
- (घंटी) अगले तीन दिनों में गृहभेंट की जानी है
- (दौड़ता व्यक्ति) गृहभेंट आज की जानी है
- (नीला) महिला गर्भवती है, प्रसव के पास नहीं है
- (लाल) प्रसव के पास/प्रसव हाल ही में हुआ
- (हरा) बच्चा स्तनपान कर रहा है या पूरक आहार ले रहा है

गर्भवती महिला, धात्री माता और बच्चों के लिए ड्यू भ्रमण को पता करने के लिए गृह भेंट अनुसूचक का उपयोग करें। भ्रमण के प्रकारों में जन्म तैयारी, प्रसव, प्रसव उपरांत देखभाल, छह माह की उम्र तक केवल स्तनपान और पूरक आहार शामिल है।

# दैनिक आहार

## आंगनवाड़ी के खुलने की स्थिति, उपस्थिति और आहार वितरण के लिए दैनिका फॉर्म

### 1 केन्द्र खुला है




### 2 उपस्थिति




### 3 गर्म आहार




### 4 गतिविधि




### 5 फोटो लें




3 से 6 साल के बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने, गतिविधियों और आंगनवाड़ी केन्द्र से आहार के वितरण की निगरानी के लिए पीएसई फॉर्म का उपयोग करें।


# वृद्धि निगरानी

## समय के साथ बच्चो की वृद्धि और कुपोषण की निगरानी

### 1 वृद्धि निगरानी प्रकरण सूची





### 2 वज़न दर्ज करें




### 3 पोषण स्तर की गणन




### 4 आयु के अनुसार वज़न स्वतः दर्ज





वृद्धि की निगरानी की प्रकरण सूची में, पिछली चार बार किए गए वज़न के संकेतकों के साथ बच्चों की सूची दिखाई देगी। हरे संकेतक का अर्थ है कि उम्र के अनुसार उनका वज़न सामान्य है। पीला रंग उन्हें मामूली कुपोषित बताता है और लाल रंग का अर्थ है कि बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित है।


प्रत्येक बार लिया गया वज़न बच्चे की वृद्धि चार्ट में दर्ज होगा। यह चार्ट बच्चे के प्रकरण के विवरण के साथ उपलब्ध होता है।

# ड्यू लिस्ट

## 1 ड्यू सूची चुनें




## 2 ड्यू देखें और पूर्ण करें




## 3 नया टीका लगाने पर दर्ज करें




आज, कल तथा दो दिनों में टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों के ड्यू लिस्ट चुनें।


# घर ले जाने का राशन

## समय के साथ बच्चो की वृद्धि और कुपोषण की निगरानी

### 1 टी.एच.आर. प्रकरण की सूची




### 2 टी.एच.आर. वितरण करने के दिन




दिए गए समय में टी.एच.आर. वितरित किए जाने वाले दिनों की संख्या आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नोट कर रखनी चाहिए। यह संख्या प्रकरण के विवरण में दिखाई देगी जिससे कार्यकर्ता को पता चल सकेगा कि किसे राशन देना आवश्यक है और किसे नहीं।

# आंगनवाड़ी केन्द्र प्रबंधन

## समय के साथ बच्चे की वृद्धि और कुपोषण की निगरानी

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस मॉड्यूल में निम्न जानकारी को देख या दर्ज कर सकती हैं:

**आधारिक संरचना विवरण:** आंगनवाड़ी केंद्र के बारे में जैसे सक्रिय शौचालय की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता आदि का विवरण दर्ज करें।

**वीएचएसएनडी सर्वे:** पिछले वीएचएसएनडी में उपस्थित लोगों को विवरण और सेवाएं जो लाभार्थियों को प्रदान की गई उनका विवरण दर्ज करें

**आगंतुक रजिस्टर:** पर्यवेक्षकों/अधिकारियों द्वारा की गई गृह भेंट का विवरण दर्ज करें।

**वीडियो लाइब्रेरी:** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस भाग के द्वारा लाभार्थियों को परामर्श वीडियो दिखाने या अपने लिए प्रशिक्षण वीडियो का उपयोग कर सकती हैं।

**मासिक प्रगति रिपोर्ट:** महीने की पहली तारीख से 30 तारीख तक मासिक रिपोर्ट प्रर्दर्शित करता हैं।

**वार्षिक स्थिति रिपोर्ट:** एप्लीकेशन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा दर्ज रिकॉर्ड्ज़ के आधार पर वार्षिक रिपोर्ट प्रदर्शित करता हैं।

**सम्पूर्ण डेटा:** दर्ज किए गए रिकॉर्ड्ज़ के आधार पर विभिन्न संकेतकों के लिए समस्त डेटा प्रदर्शित करता है


**आंगनवाड़ी केन्द्र प्रबंधन**





**आधारिक संरचना विवरण**




## वीएचएसएनडी सर्वे





## आगंतुक रजिस्टर




## वीडियो लाइब्रेरी




## मासिक प्रगति रिपोर्ट




## वार्षिक स्थिति रिपोर्ट




## सम्पूर्ण डेटा




# मासिक प्रगति रिपोर्ट सूची

## समय के साथ बच्चे की वृद्धि और कुपोषण की निगरानी

मासिक प्रगति रिपोर्ट लिस्ट मॉड्यूल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कार्यक्षेत्र में पिछले 30 दिनों में हुई मां और बच्चे की मृत्यु की एक विस्तृत सूची प्रदर्शित करता है। मॉड्यूल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कार्यक्षेत्र में पिछले 30 दिनों में हुए बच्चे के जन्म का विवरण भी लेता हैं। यह मॉड्यूल मासिक आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कार्यक्षेत्र में शिशु और मातृ मृत्यु दर पर नज़र रखने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की मदद करता है।


### गर्भावस्था और प्रसव के दौरान मृत्यु सूची




### रिपोर्ट




### डेटा तालिका



# सहायता मांगे




- एप्लीकेशन का उपयोग करने में कोई भी कठिनाई होने पर कृपया अपने पर्यवेक्षक या विकास खण्ड सहायता केन्द्र (ब्लॉक हेल्पडेस्क) से सम्पर्क करें।
- यदि फोन काम नहीं कर रहा है, तो कृपया विकास खण्ड सहायता केन्द्र (ब्लॉक हेल्पडेस्क) से सम्पर्क करें।
- अपने पर्यवेक्षक और विकास खण्ड हेल्पडेस्क का फोन नंबर यहां लिखें।

## पर्यवेक्षक

नाम : ..........................................................................................

फोन नंबर : ..........................................................................................

## विकास खण्ड हेल्पडेस्क

नाम : ..........................................................................................

फोन नंबर : ..........................................................................................

# नोट्स